# कॉल आते ही एम्बुलेंस रवाना हो

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ का किया निरीक्षण, दवाओं की उपलब्धता पर जोर

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रशासनिक अमले के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए.**



कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक हर समय उपलब्ध रहना चाहिए. सभी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें और अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएं.उन्होने कहा कि मरीजों की सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद पीड़ित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली एवं डॉक्टर को निर्देश दिए. आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा सक्रिय रहे. कॉल आते ही एम्बुलेंस तत्काल मौके के लिए रवाना होनी चाहिए. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार मिलना सुनिश्चित हो और केवल अत्यंत होने पर ही मरीज को उच्च्य चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया जाए.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रसव कक्ष, दवा वितरण केंद्र, स्टोर रूम, चिकित्सक कक्ष और शौचालयों का अवलोकन किया. उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई अभियान निरंतर चलाने के निर्देश दिए. उन्होंने आवश्यकतानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल सकें. इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम नवीन सिंह ठाकुर, जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा.

## विभिन्न जिलों में भाजपा की संगठनात्मक बैठकें

**सागर.** भाजपा संगठन के कार्यक्रमों को गति देने की दृष्टि से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग के प्रभारी गौरव रणदिवे 14 मई से 17 मई तक सागर संभाग के प्रवास पर रहेंगे. इस संबंध में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजौरिया ने बताया कि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग के संगठन प्रभारी 14-15 मई को दमोह पन्ना एवं निवाड़ी जिलों में पहुंचकर जिला भाजपा की एवं भाजपा कोर कमेटी की बैठकें लेंगे. प्रदेश महामंत्री श्री रणदिवे 16,17 मई को छतरपुर में भाजपा की विभिन्न संगठनात्मक बैठक लेंगे. उक्त आशय की जानकारी भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजौरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी.

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे पीड़ित परिवारों के बीच

## सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता की उठाई मांग, प्रशासनिक विफलता पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी शाहपुर में हुई घटना के बाद शाहपुर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी.**

इस दौरान उन्होंने मृतक नीरज प्रजापति एवं सूरज अहिरवार के निवास पर पहुंचकर परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली तथा उनकी आपबीती सुनी. इस अवसर पर श्री पटवारी ने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए तथा इस पूरे मामले में प्रशासन की गंभीर विफलता सामने आई है. उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए.



पीड़ित परिवारों ने श्री पटवारी की उपस्थिति में प्रशासन के समक्ष मांगें रखते हुए कहा कि घटना में शामिल दोषियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा अन्य सात नाम भी प्रकरण में जोड़े जाएं. साथ ही शराब दुकान की अमानत राशि जब्त कर उसका लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए. संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर ने कहा कि घटना के समय चौकी प्रभारी अशोक उपाध्याय की कॉल डिटेल्स निकलवाई जानी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अपराधियों से उनका कितनी बार संपर्क हुआ. कांग्रेस नेताओं ने एसडीओपी प्रकाश मिश्रा को हटाने की मांग करते हुए कहा कि उनके रहते जांच प्रभावित हो सकती है, इसलिए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्हें यहां से हटाया जाना आवश्यक है. इस दौरान भूपेंद्र सिंह मोहसा,प्रभु सिंह, सुरेंद्र चौधरी,आशीष ज्योतिषी, नारायण प्रजापति, तरवर सिंह लोधी, नीरज शर्मा, हेमंत लारिया, देवेंद्र गौर, अनिरुद्ध गौर, यासीन खान, अमित दुबे, रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, कमलेश साहू, रिचा सिंह, रेखा चौधरी, चमन अंसारी, सीमा चौधरी, कमल चौधरी, बीडी पटेल, संजय पटेरिया, दीपक जैन, श्रीराम यादव, राहुल चौबे, जितेंद्र चौधरी, सागर साहू मौजूद थे.

# चोरी की घटना कैमरे में कैद

नवभारत न्यूज

**रहली 12 मई. कुछ दिनों पहले रामेश्वर धाम मंदिर से शिवलिंग पर स्थापित पीतल के नाग देवता चोरी हो जाने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि राजराजेश्वर मंदिर सुरई घाट से नाग देवता की चोरी हो गई.**



इस घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मंदिर के पास ही लगे सी सी टी वी केमरे की फुटैज खंगाली तो चोर के खाली हाथ मंदिर में आने प्रवेश करने और फिर बोरी में कुछ ले जाने का दृष्य कैद हो गया. नाग देवता की चोरी होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान उमेश जोगी वार्ड नंबर 12 पंढरपुर निवासी के रूप में की और पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई और पूछताछ कर पाती उससे पहले आरोपी की तबीयत बिगड़ गई. गंभीर हालत में परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ चिकित्सा के बाद तबीयत में सुधार आया है लेकिन पुलिस की जाँच होना अभी बाकी है.

## अवॉर्ड से सम्मानित

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिव्या भनोट को यूथ रेडक्रॉस की सामाजिक एवं मानवीय गतिविधियों में सक्रिय एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक्सीलेंट वर्क सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया.

जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल की अध्यक्षता में रेडक्रॉस राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. श्याम सिंह कुमरे द्वारा प्रदान किया गया.

# शाहपुर दोहरे हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई.सानौधा थाना अंतर्गत चौकी शाहपुर क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड प्रकरण में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की विशेष टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं.**



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सूरज अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 07 शाहपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि शराब बेचने के संदेह को लेकर आरोपी नीलेश अहिरवार पिता काशीराम अहिरवार, भगवत पटैल पिता कुंदन पटैल दोनों निवासी शाहपुर, अंशुल यादव पिता रामप्रसाद यादव निवासी भडराना थाना बंडा, छोटू उर्फ हर्ष सिंह लोधी एवं अभिषेक पटेल निवासी शाहपुर द्वारा फरियादी एवं नीरज प्रजापति का रास्ता रोककर गाली-गलौज की गई तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लाठी एवं लोहे की रॉड से गंभीर मारपीट की गई. घटना में गंभीर रूप से घायल नीरज प्रजापति की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि घायल सूरज अहिरवार की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. आरोपियों ने मृतक एवं घायल की मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की तथा स्वयं की बोलेरो वाहन को भी सड़क के नीचे खंती में उतारकर ऐसा दृश्य निर्मित करने का प्रयास किया कि घटना एक सड़क दुर्घटना प्रतीत हो. दूसरी टीम द्वारा अमोदा तिराहे के पास घेराबंदी कर आरोपी अंशुल यादव को गिरफ्तार किया गया.

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. डॉ. हरीसिंह गौर विवि के प्लेसमेंट सेल द्वारा आईपीसीए लैबोरेट्रीज लिमिटेड की कैंपस भर्ती प्रक्रिया का आयोजन हुआ.**

इस अवसर पर विद्यार्थियों को औषधि उद्योग से जुड़ी रोजगार संभावनाओं एवं उद्योग विशेषज्ञों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ. जैव प्रौद्योगिकी विभाग से डॉ. सीपी उपाध्याय एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग से प्रो. नवीन कांगो की उपस्थिति में संपन्न हुआ. समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल ने स्वागत किया. समापन धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नवीन कांगो, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा दिया गया.

# खुले कुओं पर लगेगी लोहे की जाली

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. देवरी नगर की ऐतिहासिक जल विरासत को सुरक्षित रखने और खुले पड़े कुओं से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन ने सीएमओ को पत्र जारी किया है.**



पत्र के माध्यम से सभी प्राचीन एवं सार्वजनिक कुओं की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. नगर के विभिन्न वार्डों में स्थित कई पुराने कुएं वर्तमान में बदहाल स्थिति में हैं. इनमें से अनेक कुएं आज भी नागरिकों के लिए पेयजल के प्रमुख स्त्रोत बने हुए हैं, लेकिन उचित देखरेख के अभाव में वे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं. नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों में पहले सभी सरकारी एवं सार्वजनिक कुओं का सर्वे कर उनका चिन्हांकन करने को कहा गया है. साथ ही प्रत्येक वार्ड में स्थित कुओं की सूची तैयार कर प्रशासनिक रिकॉर्ड में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं.

# नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई.सड़क दुर्घटना में मौत होने पर नाराज परिजनों ने रूरावन के पास नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया गया.**



प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को पापेट चौराहा रूरावन में जेसीबी मशीन ने मोटर साईकिल को टक्कर मार दी थी जिससे ग्राम लिधौरा निवासी बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे अस्पताल भेजा गया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई थी. जिसके बाद नाराज परिजनों ने रूरावन के पास चक्काजाम लगा दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई. चक्काजाम की सूचना मिलने पर मौके पर बंडा एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकि सहित पुलिस बल पहुंचा और परिजनों को समझाइश देते रहे, इस दौरान करीब 2 घंटे बाद जाम खोला गया.

# तीन पुलिसकर्मी हुए भोपाल में सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. जिला पुलिस बल के तीन अधिकारी कर्मचारी श्रीमती ज्योति तिवारी, विजय शुक्ला एवं अमर तिवारी को के.एफ. रुस्तम विशिष्ट एवं अति विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया.**

भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा तीनों अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. समारोह में प्रदेशभर से चयनित पुलिस अधिकारी एवं सागर पुलिस की उपलब्धि आकर्षण का केंद्र रही.




विशेष किशोर इकाई में पदस्थ श्रीमती ज्योति तिवारी को बाल विवाह रोकने, भिक्षावृत्ति निवारण, महिला एवं बाल संरक्षण, संवेदनशील मामलों के प्रभावी निराकरण तथा के.एफ. रुस्तम अतिविशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत 01 बारह बोर गन एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. विशेष गौरव की बात यह रही कि पूरे मध्यप्रदेश से इस श्रेणी में बारह बोर गन प्राप्त करने वाली श्रीमती ज्योति तिवारी एकमात्र महिला अधिकारी रहीं. इसी प्रकार विजय शुक्ला, आईजी कार्यालय को तकनीकी एवं साइबर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के नगद 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया. अमर तिवारी, एसपी कार्यालय को भी 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.

# मानवता की मिसाल बने आकाश



नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. जैसीनगर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया.**

जैसीनगर निवासी गोपाल प्रजापति के घर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक भीषण आग लग गई, जिससे घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया. आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते गृहस्थी का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया. उक्त घर में गोपाल प्रजापति के भाई एवं उनकी माताजी निवास करती थीं. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. घटना की जानकारी मिलते ही युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष एवं युवा नेता आकाश सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना. इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर पीड़ित परिवार को शासन स्तर से हर संभव सहायता दिलाने की बात कही.

श्री राजपूत ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा युवा शक्ति संगठन परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है.

## पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी निलंबित

**सागर.** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ. रहीश खान को कार्य मे लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है. जनसंपर्क से जारी समाचार के अनुसार प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मप्र द्वारा एक दिन पूर्व ही आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कृत्रिम गर्भाधान कार्य की समीक्षा की गई. समीक्षा में पाया गया कि डॉ. रहीश खान, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु चिकित्सालय दलपतपुर द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम, मात्र 3 प्रतिशत कार्य किया गया. संबंधित की ई-अटेंडेंस के परीक्षण में यह भी पाया गया कि कई बार लोकेशन से अलग स्थान पर उपस्थिति दर्ज की गई.

# रक्त के अभाव में यदि किसी का जीवन चला जाए तो हमारा राजनीति में रहना व्यर्थ है

## रक्तदान महा अभियान शिविर की तैयारी बैठक को पूर्व गृहमंत्री सिंह ने संबोधित किया

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. जीवन के अंत में मनुष्य के साथ सिर्फ मानवता जाती है, न उसका पद जाता है न पैसा. यही जीवन का मंत्र है और रक्तदान से किसी का जीवन बचा देना सबसे बड़ी मानवता है. हम मिलकर 16,17,18 और 19 मई को आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान कर फिर से मानवता के शिखर को छुएंगे.**

यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में व्यक्त किये.



श्री सिंह ने कहा कि रक्त के अभाव में यदि किसी का जीवन चला जाए तो हमारा राजनीति में रहना व्यर्थ है, राजनीति का उद्देश्य ही गरीब, असहाय, निशक्त की मदद करना है. जब किसी गरीब जरूरतमंद को 1-2 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है तो वह कहां से लाएगा. वह हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देखता है कि हम कुछ करें. उसके पास न पैसे होते हैं और न डोनर होता है. पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह ने अंधत्व की समस्या की गंभीरता को बताते हुए बैठक में आग्रह किया कि मरणोपरांत नेत्रदान के संकल्प के कार्य को भी हाथ में लिया जाना चाहिए.बैठक को महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, संध्या भार्गव, डा.सुशील तिवारी, संतोष रोहित, हरीशंकर कुशवाहा, पार्षद शैलेंद्र ठाकुर, रामकुमार साहू ने भी संबोधित किया. संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया.



# इमरजेंसी प्रबंधन पर प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. आईएमए द्वारा जूनियर चिकित्सकों, विशेष रूप से ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों एवं मेडिकल ऑफिसरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है.**

दूसरा वैज्ञानिक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें दो अकादमिक सत्रों के माध्यम से हृदयघात तथा पॉयजनिंग ओवरडोज प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रथम सत्र में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रयंक जैन ने हृदयघात के प्रारंभिक पहचान एवं प्रबंधन के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला. दूसरे सत्र का संचालन डॉ. देबाशीष बिस्वास द्वारा किया गया. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम संसाधन-सीमित परिस्थितियों में उपचार सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होंगे. उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं, चिकित्सकों का बुनियादी आपातकालीन एवं निर्णय क्षमता मृत्यु दर उल्लेखनीय रूप से कम कर सकती है.

# सट्टे का खेल चरम पर, शहर में बेखौफ चल रहा कारोबार

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. शहर इन दिनों एक ऐसे अवैध कारोबार की गिरफ्त में दिखाई दे रहा है, जिसकी जड़ें अब शहर की गलियों, बाजारों, कॉलोनियों और बाहरी क्षेत्रों तक फैल चुकी हैं.**

सट्टे का कारोबार अब किसी छिपे हुए नेटवर्क की तरह नहीं, बल्कि खुलेआम संचालित होने वाले ऐसे खेल में बदलता जा रहा है जिसे शहर का आम आदमी रोज देख रहा है. चाय की दुकानों से लेकर गुमटियों तक और मोबाइल नेटवर्क से लेकर पर्चियों के जरिए होने वाले लेनदेन तक, हर स्तर पर यह कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है. शहर में चर्चा है कि दिन में और शाम ढलते ही कई इलाकों में नंबर लगाने वालों की सक्रियता अचानक बढ़ जाती है. कुछ स्थानों पर तो हालात ऐसे बताए जाते हैं कि स्थानीय लोगों को यह तक पता रहता है कि किस समय कौन व्यक्ति नंबर लेने बैठता है.

इसके बावजूद कार्रवाई का असर जमीन पर दिखाई नहीं देता. यही वजह है कि अब लोगों के बीच यह सवाल तेजी से उठने लगा है कि आखिर इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस कारोबार पर निर्णायक प्रहार क्यों नहीं हो पा रहा.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सट्टे के इस पूरे नेटवर्क के पीछे एक संगठित तंत्र काम कर रहा है. छोटे एजेंटों से लेकर बड़े संचालकों तक एक पूरी चेन सक्रिय बताई जाती है, जो शहर के अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से काम कर रही है. जानकारों का कहना है कि मोबाइल फोन और ऑनलाइन माध्यमों के बढ़ते इस्तेमाल ने इस कारोबार को और आसान बना दिया है, अब केवल पर्चियों तक सीमित रहने वाला यह धंधा तकनीक के जरिए तेजी से फैल रहा है. शहर के कई व्यापारिक और रिहायशी इलाकों में सट्टे के इस नेटवर्क को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कार्रवाई तो होती है, लेकिन उसका असर दिखाई नहीं देता. छोटे स्तर पर दबिश देकर कुछ लोगों को पकड़ लिया जाता है, जबकि बड़े चेहरे हर बार बच निकलते हैं. यही कारण है कि पुलिस कार्रवाई के कुछ घंटे बाद ही कई स्थानों पर दोबारा वही गतिविधियां शुरू हो जाती हैं. सागर में अब यह चर्चा भी आम होती जा रही है कि इस कारोबार को कहीं न कहीं संरक्षण प्राप्त है. सूत्रों का दावा है कि कार्रवाई से पहले जानकारी लीक होने जैसी बातें भी शहर में चर्चा का विषय बनी रहती हैं. हालांकि इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह लगातार यह कारोबार फैलता जा रहा है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं .आम लोगों का कहना है कि यदि पूरी सख्ती और निष्पक्षता से अभियान चलाया जाए तो इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना मुश्किल नहीं है. सामाजिक संगठनों का मानना है कि सट्टे का बढ़ता प्रभाव केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक चिंता का विषय भी बन चुका है. इसी बीच जिले में नवागत एसपी अनुराग सुजानिया के पदभार संभालने के बाद शहरवासियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं. लोगों का मानना है कि नए पुलिस कप्तान अवैध कारोबारों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने के लिए जाने जाते हैं और सागर में भी सट्टे के इस नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है.

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 12 मई. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ.**



प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि एआई को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ना आज के समय की मांग है. उनके अनुसार, भारतीय मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ तकनीक का समन्वय न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी मील का पत्थर साबित होगा. मुख्य वक्ता के रूप में पधारे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. मयंक रूसिया ने प्रेरक व्याख्यान में एआई की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की. इसके साथ ही आयोजित प्रश्न मंच में सभी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुचिता अग्रवाल एवं सह-संयोजन डॉ. संजय कुमार राय द्वारा किया गया, संचालन डॉ. रामकुमार तिवारी ने किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रंजना मिश्रा और डॉ. गोपा जैन उपस्थित रहीं. कार्यक्रम में डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. विकास त्रिपाठी, डॉ. संजय कुमार दुबे आदि मौजूद थे.